तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 23 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 अंचल में हुई झमाझम बारिश से खेतो को मिली संजीवनी



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने आदतन अपराधी अजय को किया जिलाबदर

**चांपा।** जिले में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जन्मेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के प्रस्ताव पर आदतन अपराधी अजय अनंत को जिला बदर किया है। जिला दंडाधिकारी जनमेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 में प्रदत्त शक्तियों एवं निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए अजय अनंत पिता पुरूषोत्तम अनंत साकिन कोटाडबरी को जांजगीर-चांपा जिला एवं सरहदी जिला सक्ती, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, बालौदा बाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर बाहर चले जाने तथा 1 वर्ष की कालावधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है।

### पूर्ण मानदेय राशि दिलाने सीईओ से लगाई फरियाद

**डभरा।** डभरा ब्लाक के ग्राम पंचायत बासीन के पूर्व सरपंच एवं पंचों को मानदेय राशि करीब 3 हजार 4 सौ रुपए के हिसाब से भुगतान करना था, जिसे वर्तमान सरपंच व सचिव द्वारा 34 सौ की जगह 3 हजार रुपए भुगतान किया गया है। ऐसे में पूर्ण मानदेय राशि दिलाए जाने की मांग को लेकर पूर्व सरपंच एवं पंचों ने डभरा सीईओ से फरियाद लगाई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व सरपंच कृष्णा बाई, पंच शिवदयाल, दुलश्वरी, शंकर, कमलेश्वरी, चम्पा बाई सहित अन्य पंचों ने सीईओ से फरियाद लगाई है।

## सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में अधिकारी कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# फेडरेशन की हड़ताल, दफ्तरों में सन्नाटा, स्कूलों में नहीं खुला ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

झन करव इंकार, हमर सुनव सरकार के सूत्रवाक्य को लेकर मोदी की गारंटी लागू कराने सहित 11 सूत्रीय मांगों को पूरा कराने कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा आयोजित एक दिवसीय हड़ताल का जिले में व्यापक असर दिखा। अधिकारी कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल होने से जिले के अधिकांश दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा तो वहीं स्कूलों में अघोषित अवकाश का माहौल दिखा।

शुक्रवार 22 अगस्त को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर जिले के शासकीय अधिकारी कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल में शामिल हुए। जिसके कारण जिला मुख्यालय जांजगीर में कलेक्टर कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला अस्पताल, सीएमएचओ दफ्तर, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग सहित सभी दफ्तरों में विरानी छायी रही। कमोबेस सभी जगहों पर संविदा और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को छोड़कर बाकी के कोई भी अधिकारी कर्मचारी नहीं दिखे। विभागीय काम के चलते विभाग प्रमुख जरूर दफ्तरों में बैठे रहे। इसके बाद बाकी के समय



धरना प्रदर्शन में शामिल संघ के पदाधिकारी।



एक दिवसीय हड़ताल के चलते जिला पंचायत में छायी वीरानी।

कार्यालय में विरानी छायी रही। हड़ताल की पूर्व सूचना मिलने पर अन्य दिनों की अपेक्षा लोगों की आवाजाही भी कम रही। इधर स्कूलों में तो अघोषित अवकाश रहा। कई स्कूलों के ताले तक नहीं खुले। जिला मुख्यालय जांजगीर के हॉकी मैदान भांठापारा में फेडरेशन के बैनर तले जिले भर के अधिकारी कर्मचारी इकट्ठा हुए और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के महासचिव अर्जुन सिंह क्षत्री ने कहा कि शासन द्वारा लगातार कर्मचारियों अधिकारियों के न्यायिक अधिकारों का हनन कर आर्थिक अधिकारों एवं हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। प्रधान पाठक प्रांताध्यक्ष एवं फेडरेशन के प्रवक्ता जयंत सिंह



आंदोलन के चलते डाइड प्राथमिक शाला में लगा ताला।

क्षत्रिय ने बताया कि शासन द्वारा जारी किए गए आदेशों में देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा एरियर्स की राशि का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया जा रहा है जिससे लगातार भ्रामक की स्थिति निर्मित हो गई है। धरना प्रदर्शन में फेडरेशन के सहसंयोजक डॉ विष्णु पैगवार, उपाध्यक्ष सुधीर सुखदेव, विकास सिंह, धर्मेंद्र यादव विशाल वैभव, कोषाध्यक्ष फिरत किरण, भुवनेश्वर देवांगन प्रवक्ता जयंत सिंह कार्यालयीन सचिव टीकम थवाईत कार्यकारी सदस्य युएस राठिया शांति थवाईत टी के टंडन जगन्नाथ, श्रीवास निधिलता जायसवाल रंजीत सिंह, धन्य कुमार पाण्डेय, राकेश जायसवाल, मुजीब शेख, ज्ञानेश्वर बरेठ, प्रदीप सिदार, शरद राठौर भूपेंद्र सिंह सावित्री राठौर, राधेलाल कंवर, अनुभव तिवारी रामशरण सिंगसरवा, रविन्द्र राठौर नील सागर यादव, संजय राठौर श्यामलाल यादव, राजकुमार साहू जितेंद्र कुमार राठौर, प्रवीण राठौर आशीषराज पाटले, शत्रुघ्न राठौर ओम प्रकाश राठौर, पुष्पराज सिंह चंदेल मोहन यादव, सूर्यपाल सिंह, मनोज यादव, राजेंद्र जायसवाल बलिराम देवांगन, हरीश गोपाल आदि उपस्थित थे।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रक के पीछे जा टकराई स्कूटी

## दो युवकों की आन द स्पॉट मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क किनारे खड़े ट्रक से तेज रफ्तार स्कूटी सवार लोग जा टकराए। घटना में दो युवकों की आन द स्पॉट मौत हो गई। मामला पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कुटरा की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरूवार 21 अगस्त की रात 10 बजे की है। पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुटरा निवासी सुमित कश्यप उम्र 18 वर्ष एवं प्रहलाद कश्यप उम्र 19 वर्ष दोनों दोस्त मिलकर गुरुवार की रात 10 से 10.30 बजे के बीच स्कूटी में निकले थे। जहां गणेश उत्सव में गाना गाने की रिहल्स को लेकर दोनों अपने अन्य साथियों को लेने जाने को निकले थे। इस दौरान सड़क के किनारे खड़ी ट्रक के पीछे स्कूटी जा टकराई हादसे में दोनों युवकों को गंभीर चोट आने पर डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल जांजगीर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम कुटरा के ग्रामीणों की भीड़ सड़क पर आ गई। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने दुर्घटनाकारित वाहन के हवा निकाल दी। घटना के बाद 112 वाहन की मदद से गंभीर रूप से घायल युवकों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहां डॉक्टर ने जांच उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मार्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखा गया। वहीं ज शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। इधर पुलिस एवं यातायात विभाग द्वारा सडक दुर्घटना को रोकने को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। वहीं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई भी की जा रही है। साथ ही उनसे जुर्माना भी वसूल कर रहे है। इन सबके बावजूद सड़क हादसे सडक हादसे में कमी नहीं आ रही है। वहीं सड़क दुर्घटना के चलते ग्राम कुटरा में दो युवकों की जान चल गई।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।



## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा कल

**कोरबा।** प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालय कोरबा में कक्षा 11 वीं में 20 सीट रिक्त है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु परीक्षा 24 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में आयोजित किया गया है। परीक्षार्थियों को 24 अगस्त को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 10 बजे पहचान पत्र के साथ उपस्थित होने निर्देशित किया गया है। प्रवेश पत्र का वितरण परीक्षा केन्द्र में किया जायेगा। पात्र-अपात्र, परीक्षा केन्द्र, रोल नंबर इत्यादि की सूची का अवलोकन वेबसाइट कोरबा डाट जीओव्ही डाट इन में किया जा सकता है।

### अंडर 14 के क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन 25 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने सत्र वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न आयु वर्गों के जिला क्रिकेट टीम चयन की तिथि घोषित की है। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बी.बी साहू ने बताया कोरबा डिस्ट्रिक्ट जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने अंडर 14 के लिए 25 अगस्त को चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी,जिसमें राज्य क्रिकेट संघ द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे। अंडर 14 ट्रायल कोरबा स्थित एसईसीएल के सेंट्रल वर्कशॉप क्रिकेट स्टेडियम में संपन्न होगा। पात्र अंडर 14 के खिलाड़ियों का बर्थ कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 के मध्य होना आवश्यक है। चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों वाले खिलाड़ियों को अंतिम 6 वर्ष की अंक सुची,कलर फोटो, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, नवीन पंजीयन वाले खिलाड़ियों को पंजीयन कराना आवश्यक है। वही पूर्व में शॉर्ट लिस्ट हुए खिलाड़ियों के साथ नवीन खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा ले सकते है। चयन प्रक्रिया में अंडर 14 के लिए बतौर चयनकर्ता अनिल प्रजापति, विशाल दुबे,युवराज सिंह उपस्थित रहेंगे।

### फ्लिपकार्ट से मंगाया प्रोटीन पाउडर, निकला मिलावटी आटा

**कोरबा।** कोरबा के रविशंकर शुक्ला नगर में ऑनलाइन शॉपिंग से जुड़ा एक मामला सामने आया है। बोलबम ट्रेडर्स के मालिक उत्तम चंद्र गोयल ने फ्लिपकार्ट से प्रोटीन पाउडर ऑर्डर किया। पैकेट खोलने पर उसमें गेहूं और चावल का मिलावटी आटा निकला। दुकानदार ने इस धोखाधड़ी को साबित करने के लिए दोबारा वही प्रोडक्ट ऑर्डर किया। डिलीवरी स्टाफ की मौजूदगी में पैकेट खोला गया। इस बार भी उसमें मिलावटी आटा ही निकला। इस घटना से व्यापारी को करीब 5 से 6 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। श्री गोयल ने इस घटना का वीडियो बनाकर लोगों के बीच शेयर किया है। उन्होंने लोगों को ऑनलाइन शॉपिंग के प्रति सावधान रहने की सलाह दी है। उनका कहना है कि ऐसी धोखाधड़ी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। डिलीवरी बॉय नवजीत सिंह ने बताया कि वह कंपनी से आए सामान की डिलीवरी करने आया था। जब सामान खोलकर देखा गया तो उसमें आटा निकला। इसकी शिकायत ऑनलाइन कंपनी और संबंधित एजेंसी को कर दी गई है।

### सेजेस पसान में होगी शिक्षकों की नियुक्ति

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पसान, वि.खं. पोड़ी उपरोड़ा में शिक्षको की पदस्थापना को लेकर वहां के छात्र-छात्राओं के द्वारा पसान में चक्का जाम किया गया था, जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी.उपाध्याय द्वारा संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा को तत्काल पसान जाकर स्कूल की समस्या के संबंध में प्रतिवेदन देने के लिए निर्देशित किया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पसान में वर्तमान में स्वीकृत सेटअप के विरूद्ध 11 पद शिक्षक के रिक्त है, जिस पर छात्रों के द्वारा शिक्षक व्यवस्था का मांग की जा रही है। उपरोक्त रिक्त 11 पदों पर 2 वर्ष पूर्व जिला स्तर से संविदा शिक्षको की भर्ती की गई थी परन्तु इन शिक्षकों द्वारा अन्यत्र नियुक्त हो जाने संबंधी कारणों से एक-एक करके त्यागपत्र दे दिया गया, जिसके कारण पद रिक्त हो गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सेजेस पसान में शीघ्र ही रिक्त 11 पदो पर अतिथि/मानदेय शिक्षक की व्यवस्था करने आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।






**कोरबा।** कटघोरा के राजा को नगरवासियों ने किया दीदार एवं रैली में निकाली गई हनुमान की झांकी।

## दक्षिण भारत के पद्मनाभस्वामी मंदिर का 111 फिट पंडाल रहेगा आकर्षण का केंद्र

# कटघोरा का राजाः विघ्नहर्ता की निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा के राजा के नाम से प्रसिद्ध गणेश प्रतिमा का आगमन बुधवार शाम भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। यह प्रतिमा राजनांदगांव जिले के ग्राम थनौद के कारीगरों ने बनाई है। प्रतिमा के स्वागत में न केवल कटघोरा बल्कि आसपास के क्षेत्रों और जिले भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

कटघोरा में बुधवार की शाम शोभायात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां सजाई गई। स्केटिंग कलाकारों और रंगोली कलाकारों ने रास्ते भर अपनी कलाकृतियों से लोगों का मन मोह लिया। महाराष्ट्र से आए धुमाल पार्टी ने ढोल ताशों की धुन से माहौल को उत्सवमय बना दिया, वहीं डीजे की थाप पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। शंखनाद और धार्मिक गीतों से पूरा वातावरण गणेशमय हो गया। उल्लेखनीय है कि गणेश चतुर्थी में अब केवल एक सप्ताह शेष हैं और जिले भर में इसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। इसी कड़ी में कटघोरा नगर में जयदेवा गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश उत्सव को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यहां गणेशोत्सव का आयोजन भव्यता और श्रद्धा का प्रतीक बनने जा रहा है। स्वागत समारोह में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल हुए और सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं। श्री पटेल ने कहा कि जयदेवा गणेशोत्सव समिति का यह आयोजन न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य और देश में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। इस बार समिति द्वारा दक्षिण भारत के पद्मनाभस्वामी मंदिर की तर्ज पर 111 फीट ऊंचे भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा।



रैली में ढोल ताशा में डांस करते श्रद्धालुगण।

### फेस-1 में होगा आरपीनगर के राजा का स्वागत

पर्व और त्यौहारों का मौसम आते ही पूरे देश में गणपति बप्पा के आने की प्रतीक्षा बड़ी बेसब्री से रहती है। कहीं ढोल, कहीं नगाड़े, कहीं डीजे तो कहीं अन्य भव्य तरीके से गणेश का स्वागत किया जाता है। ठीक वैसे ही युवा गणेश उत्सव समिति आर पी नगर कोरबा द्वारा फेस-1 में आयोजित गणेशोत्सव में गणेश जी का स्वागत पूरे धूमधाम से किया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु यादव ने बताया कि इस बार गणपति बप्पा का स्वागत महाराष्ट्रीयन ढोल ताशा और जबर्दस्त आतिशबाजी के साथ किया जाएगा। जहाँ भगवान गणेश घंटाघर से चलकर फेस 1 में विराजमान होंगे। विगत 5 वर्षों से धूमधाम से इस उत्सव को मनाने वाली युवा गणेश उत्सव समिति हर वर्ष नए-नए कार्यक्रमों के लिए भी पूरे कोरबा में ख्यातिप्राप्त है। अध्यक्ष साईंराम शर्मा, सचिव डब्बू अग्रवाल और कोषाध्यक्ष मानस पीएम से बातचीत में पता चला कि प्रतिदिन अलग-अलग सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अब तक तय हुए कार्यक्रमों की सूची में 29 अगस्त को रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का कार्यक्रम होगा।

## आश्वासन के बाद ट्रक मालिकों की हड़ताल स्थगित, बैठक का दौर जारी



प्रदर्शन करते ट्रक मालिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति द्वारा जारी कामबंद हड़ताल पर मांगों को पूरा करने संबंधी आश्वासन के बाद फिलहाल ब्रेक लग गया है। हड़ताल के पहले दिन मानिकपुर व कुसमुंडा खदान में ट्रकों व ट्रेलरों के पहिए थमे रहे। इसके बाद दूसरे दिन गुरूवार को एसईसीएल प्रबंधन ने समिति के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया है। देर शाम तक समिति व प्रबंधन के बीच बैठक का दौर जारी रहा। हालांकि भाड़ा वृद्धि संबंधी मांगों को लेकर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उल्लेखनीय है कि ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति के बैनर तले जिले के खदानों में संचालित होने वाले ट्रक ट्रेलर मालिकों ने 25 प्रतिशत भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। हड़ताल के पहले दिन मानिकपुर व कुसमुंडा खदान में ट्रकों व ट्रेलरों के पहिए थमे रहे। मानिकपुर व कुसमुंडा दोनों खदानों के फेस पर संघ के पदाधिकारियों ने मोर्चा संभाला था। जिसके बाद लिफ्टरों ने भाड़ा वृद्धि संबंधी मांगों को पूरा करने संबंधी आश्वासन दिया था। जिसके बाद समिति के पदाधिकारियों ने फिलहाल कामबंद हड़ताल को रोक दिया है। गुरूवार को दूसरे दिन एसईसीएल प्रबंधन ने समिति के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। देर शाम तक प्रबंधन व समिति के पदाधिकारियों के बीच वार्ता का दौर जारी रहा।

### मालगाड़ी के नीचे कूदकर युवक ने दी जान

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत भिलाईखुर्द अंडरब्रिज के पास युवक की लाश मिली है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। साथ ही युवक की पहचान के लिए पुलिस जुटी हुई है। मालगाड़ी के लोको पायलट ने बताया कि युवक ट्रैक किनारे चल रहा था। हॉर्न बजाकर गाड़ी की रफ्तार कम की। कुछ देर बाद गार्ड ने कॉल कर बताया कि युवक ने मालगाड़ी के पहिए के नीचे कूदकर जान दे दी है। कुलदीप तिवारी ने बताया कि मृतक की उम्र 30-35 साल के बीच है। पुलिस वॉट्सअप ग्रुप में फोटो शेयर कर और आसपास की बस्तियों में पूछताछ कर पहचान की कोशिश कर रही है। शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

## ब्लैक फिल्म लगाकर घूमने वाले एक दर्जन वाहन चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा लगातार सड़कों पर उतरकर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें ब्लैक फिल्म लगाकर चार पहिया वाहन चलाने वालों के साथ-साथ मोडिफाइड साइलेंसर व बिना नंबर प्लेट के घूमने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



पिछले 24 घंटे के दौरान जिला पुलिस के टीम ने जिले में 12 ब्लैक फिल्म के खिलाफ कार्यवाही कर चलाने की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में जिले के विभिन्न थाना व चौकी प्रभारियों एवं पुलिस स्टाफ द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जिले में कानून व्यवस्था एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए ब्लैक फ़िल्म, मॉडिफाइड साइलेंसर एवं शहर में बिना अनुमति बज रहे डीजे के विरुद्ध सघन कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 12 वाहन से ब्लैक फ़िल्म हटाई गई एवं चालानी कार्यवाही की गई। 7 मॉडिफाइड साइलेंसर जप्त किए गए।

## बीसीपीपी कालोनी की समस्याओं पर आयुक्त ने ली एनटीपीसी व बालको प्रबंधन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बीसीपीपी कालोनी की समस्याओं को लेकर एनटीपीसी व बालको प्रबंधन के अधिकारियो की बैठक ली। उन्होंने कहा कि कालोनी में रह रहे नागरिकों का अधिकार है कि उन्हें आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मिले। वहाँ की समस्याओं को दूर करने, नियमित साफ-सफाई कराने व उचित प्रबंधन किए जाने का कार्य प्रतिष्ठान करें।



अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

एनटीपीसी कालोनी कृष्णाविहार में बालको की बीसीपीपी कालोनी स्थित है, जहां पर नियमित साफ-सफाई, कचरे का संग्रहण आदि का कार्य नहीं हो रहा, साथ ही वहां पर अन्य समस्याएं भी व्याप्त हैं, इसकी जानकारी प्राप्त होने पर विगत दिनों महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने भी बीसीपीपी कालोनी का दौरा कर वहां की समस्याएं देखी थी तथा निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने भी बीसीपीपी कालोनी का दौरा किया, मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं वार्ड पार्षद अजय कुमार चन्द्रा व निगम अधिकारियों के साथ कालोनी का भ्रमण करते हुए उन्होंने समस्याओं का जायजा लिया तथा इस संबंध में एनटीपीसी व बालको प्रबंधन की बैठक बुलाई। बैठक के दौरान एन.टी.पी.सी. के अधिकारियों ने कहा कि उक्त कालोनी में 360 आवासगृह स्थित हैं, जिनमें पानी, बिजली व सीवर संबंधी कार्यों के लिए उन्हें बालको प्रबंधन से राशि मिलती है तथा यह कार्य हम करते हैं, किन्तु कालोनी की नियमित साफ-सफाई, कचरे का संग्रहण व अपशिष्ट का प्रबंधन का कार्य बालको प्रबंधन का है, अतः बालको इस कार्य को करें। बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, बालको के एक्सटर्नल अफेयर हेड कुशाग्र कुमार, एनटीपीसी के एजीएम शशिशेखर, बालको के लैण्ड एण्ड लीगल टीम हेड प्रमोद नायक, एनटीसीसी के सीनियर मैनेजर शशांक झाजेड, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर तपन तिवारी आदि उपस्थित थे।

**आम सूचना**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म ''मेसर्स राकेश कुमार जैन'' फर्म पंजीकरण संख्या 295/1994-95, जिसका पता मकान क्रमांक 160, वार्ड क्रमांक 03, थाना रोड, अकलतरा है, में कुल 6 भागीदार थे- श्री राकेश कुमार जैन, श्री मुकेश कुमार जैन, श्री रूपेश कुमार जैन, श्री चकरेश कुमार जैन, श्री प्रिंस जैन एवं मैसर्स एरिस इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। इनमें से श्री मुकेश कुमार जैन, श्री रूपेश कुमार जैन एवं श्री चकरेश कुमार जैन ने अपनी सहमति से दिनांक 01/04/2013 से फर्म में कार्य करना बंद कर दिया है एवं फर्म से बाहर हो गए हैं। अब दिनांक 01/04/2013 से श्री राकेश कुमार जैन, श्री प्रिंस जैन एवं मैसर्स एरिस इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ही इस फर्म के सक्रिय भागीदार रहेंगे। इस परिवर्तन के पश्चात फर्म के समस्त अधिकार, दायित्व एवं उत्तरदायित्व वर्तमान भागीदारों पर संयुक्त रूप से लागू होंगे। संबंधित सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि इस परिवर्तन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वे इस विज्ञापन के प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर फर्म के पते पर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

फर्म का पता : मेसर्स राकेश कुमार जैन,
मकान क्रमांक 160,
वार्ड क्रमांक 03, थाना रोड, अकलतरा

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का
**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, ह्रदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

खबर संक्षेप

## एमएमआर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण




**चांपा।** शासकीय एम एम आर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इको क्लब के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एच पी खैरवार के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के वानस्पतिक उद्यान में एक पेड़ मां के नाम से लगाया गया। महाविद्यालय में इंसुलिन, भुई नीम, गुड़हल, आँवला, गुलाब, ब्रायोफीलम, अपराजिता, आम, अमरूद आदि पौधे लगाए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ खैरवार, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बी डी दीवान, प्रो आर आर साहू, डॉ महिपाल, डॉ भारद्वाज, डॉ व्ही एम दांडेकर, डॉ व्ही के शर्मा, डॉ मिरी, डॉ डी एन बंजारे, डॉ सुनीता राठौर,प्रो मीनाक्षी चंद्रा, इकोक्लब प्रभारी डॉ नीलिमा पाण्डेय, प्रो विवेक जायसवाल, प्रो अनुराधा राठौर, प्रो हंसराज, शिव सूर्यवंशी, जे के दीवान, संतोष तिवारी, हेम बाई यादव , लक्ष्य, कार्तिक सभी पौधे लगाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित हुए डॉ. महंत



**जांजगीर-चांपा।** राजधानी दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, कनॉट प्लेस में भव्य स्तर पर "राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार – 2025" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वायएसएस फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से आए 100 से अधिक विशिष्ट व्यक्तित्वों को समाजसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, साहित्य, कला, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के रोहितेश कुमार सेवानिवृत्त दिल्ली पुलिस अधिकारी, ग्रुप कैप्टन आर.सी. त्रिपाठी, सेवानिवृत्त कैप्टन करणपाल सिंह, सी.के. सक्सेना, बी.के. सक्सेना डॉ. शौकिन वर्मा, जयप्रकाश शर्मा, कमल चौधरी, डॉ. नितेश धनखड़, मुकेश कुमार, सर्वेश कुमार, पुष्पलता महंत की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से डॉक्टर टंकेश कुमार महंत को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।

## संकुल केन्द्र धुरकोट में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड नवागढ़ के संकुल केन्द्र धुरकोट अंतर्गत संचालित समस्त दस शासकीय शालाओं में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व 79 वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। हायर सेकेंडरी धुरकोट में जहां संकुल प्राचार्य श्रीमती सुषमा स्वरूप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तो वहीं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पचेड़ा में शैक्षिक समन्वयक मनींद्र कुमार पाण्डेय रहे। ध्वजारोहण के पश्चाद् शालाओं में मार्च पास्ट और प्रभात फेरी निकाली गई। इसी अनुक्रम में ग्राम पंचायत पचेड़ा के सरपंच श्रीमती बिंद्रा अशोक कश्यप के मुख्य आतिथ्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पचेड़ा में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रैलीस इंडिया लिमिटेड के टेरिटरी मैनेजर रवि श्रीवास्तव ने समस्त बच्चों को कॉपी, पेन, तिरंगा झंडा वितरित किया। नव्या, मुस्कान, राजनंदिनी के मनभावन गीत और विगत 2 माह में नियमित उपस्थिति के साथ ही मासिक टेस्ट में प्रथम आए छात्रों को सरपंच के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन मनींद्र कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, कृष्ण कुमार कश्यप, भजनलाल विजय, गौरी गढ़ेवाल, जनकदुलारी कश्यप, शैलेन्द्र कश्यप, सकुन पैगवार, करण ताम्रकार, जनकदुलारी कश्यप, रवि कश्यप, सुरेश पटेल, अशोक कश्यप, भुवनेश्वर कश्यप, रामचंद्र पैगवार, जयकुमार करियारे, रामायण कश्यप, खुशाल कश्यप, प्रमोद कुमार कश्यप, शिक्षक श्रीमती चंद्रकिरण शर्मा, रमेश देवांगन सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

### निधन

## चंद्रकांत जैन



**अकलतरा।** नगर के वार्ड नंबर 11 थाना रोड में निवासरत प्रतिष्ठित नागरिक चंद्रकांत जैन का 73 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार नगर के कॉलेज रोड में स्थित मुक्तिधाम में हुआ। वे श्रीकांत, रविकांत, अमितकांत जैन के बड़े भाई एवं शिशिर जैन के पिता थे।

### कलेक्टर ने बैठक लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा


बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने राज्य शासन द्वारा 15 अगस्त से प्रारंभ किए गए छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत, वार्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत दे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों द्वारा आयोजित गतिविधियों में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक एवं अधिक से अधिक संख्या में आमजनो को शामिल करना सुनिश्चित करें। बैठक में वन मंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर.के. तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। जिले में आदि कर्मयोगी अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय परिवारों को सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं से अधिकतम लाभान्वित करना है। इसके अंतर्गत जिले के 21 ग्रामों को शामिल किया गया है। जिनमें बलौदा विकासखंड के कुदरी, करमा, खारी, छीतापाली, केराकछार, कण्ड्रा, देवरी, सत्तीगुड़ी, नवागांव, रैनपुर, नवागढ़ विकासखंड के गाड़ापाली, करमंदी, अकलतरा विकासखंड के कटघरी, परसाही (नाला), महमपुर, बाना, सराईपाली, बम्हनीडीह विकासखंड के पोड़ीकला, नवागांव, पूछेली एवं खपरीडीह है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के 21 ग्रामों का चयन किया गया है। अभियान के लिए ग्राम स्तर पर एनजीओ, स्वयंसेवी संगठन, पंचायत प्रतिनिधि और युवाओं को जोड़ा जाएगा। शासकीय सेवाओं के सुगम पहुंच के लिए आदि सेवा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इनके माध्यम से बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी करीब 25 योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाएगा।

## खाद की कालाबाजारी के खिलाफ कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

**पुसौर।** किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। प्रदेश स्तरीय निर्देशों के तहत पुसौर क्षेत्र में बीते बुधवार को खाद विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापामार जांच की गई।

एचडीओ राठौर और एसएडीओ आर.के. पटेल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में केदार फर्टिलाइजर्स गढ़उमरिया, अग्रवाल खाद भंडार पुसौर, प्रधान ट्रेडर्स पुसौर और बाबा मोहनदास एग्रो वर्क्स कसाईपाली का निरीक्षण किया गया। जांच में प्रधान ट्रेडर्स पुसौर के पीएएस स्टॉक और केदार फर्टिलाइजर्स का स्टॉक रजिस्टर अनियमित पाया गया। इस पर दोनों प्रतिष्ठानों को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया। कृषि अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी खाद विक्रेता किसानों को केवल उचित मूल्य पर ही उर्वरक प्रदाय करें। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या भंडारण अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी बाबा मोहनदास एग्रो वर्क्स और किसान इंटरप्राइजेज पुसौर पर उर्वरक अधिनियम के तहत बिक्री प्रतिबंध की कार्रवाई की जा चुकी है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि किसानों के हितों से जुड़ी किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मवेशियों की तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** मवेशियों की तस्करी करने वाले करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ पुलिस को 20 अगस्त को सूचना मिली कि नवागढ़ क्षेत्र में एक पिकअप वाहन में गाय बैल बछड़े को ठुस ठुस कर, भर कर बूचड़खाने में ले जा रहे हैं। नवागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर रेड कार्यवाही कर 6 नग गाय, 4 बैल एवं 2 बछिया को आरोपियों के कब्जे से बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़, सउनि संतोष क्रिकेटर, आरक्षक राजू कश्यप, संजय टंडन, अंजनी कुमार कश्यप का योगदान रहा।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिवनी में न्योता भोज आयोजित




**बहेराडीह।** प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना भारत सरकार के गाइड लाइन अनुसार तिथि भोजन को न्योता भोजन के नाम से लागू किया गया है,इसका उद्देश्य स्कूलों में समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देकर बच्चों को स्वादिष्ट भोजन प्रदान करना है। उक्त बातें शिक्षक अशोक तिवारी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिवनी के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विभाग के बच्चों को न्योता भोजन कराने के अवसर पर कहा। उन्होंने आगे बताया कि विभिन्न त्योहारों, वर्षगांठ, जन्मदिन,विवाह,या राष्ट्रीय पर्व पर अपने हित प्रीत ,समाज परिवार आदि को भोजन कराने की परंपरा हमारे देश में है। इसी क्रम में कोई भी उक्त संगठन या समूह स्कूलों में बच्चों को न्योता भोज कराकर अपनी सहभागिता और खुशी विद्यालय में बांट सकता है। कार्यक्रम को प्रधान पाठक राजू देवांगन, शिक्षक यशवंत देवांगन ने नरेश देवांगन और ज्योतिदास महंत ने भी संबोधित किया।

# एक राखी वीर जवानों के नाम स्पर्धा के विजेताओं का सम्मान

**अकलतरा।** वेल विशर फाउंडेशन द्वारा एक राखी वीर जवानों के नाम कार्यक्रम चलाया जा रहा था जिंसमे विजयी प्रतिभागियों के प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भूतपूर्व सैनिक रोहित सारथी, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी,समाजसेवी मोनू नामदेव, अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सत्य नारायण व दुलेचंद साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भूतपूर्व सैनिक रोहित सारथी ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन द्वारा वीर जवानों के लिए एक राखी वीर जवानों के नाम कार्यक्रम बहुत ही प्रसंसनीय है। इससे हमारे जवानों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है। नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन हमेशा से समाज के हर वर्ग के लोगो के लिए कार्य कर रही रही। मोनू नामदेव ने वेल विशर फाउंडेशन के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी आगे भी ऐसे ही समाज के लिए कार्य करते रहे। कार्यक्रम मेंफर्स्ट स्टेप इंग्लिश मीडियम स्कुल जांजगीर के रश्मि लदेर, सेजल श्रीवास,शा. पू. मा. शाला संजयनगर नरियरा के काजल निर्मलकर, ओमकार निर्मलकर ,महावीर बाल संस्कार अकलतरा के रिद्धि जैन, त्रिशाला सूर्यवंशी,पी.सी.पब्लिक स्कूल पकरिया से आकांक्षा यादव, गरिमा सिंह, शा. मा. हायर सेकेंड्री स्कूल कटनई के रोशनी और प्रियंका, सेट सेवियर्स स्कुल अकलतरा के आर्वी साहू,तनुश्री साहू,स्वामी आत्मा नंद स्कुल अकलतरा के अलिफ़ा फातिमा, सौम्या सिंह, अघोर विद्या पीठ पोड़ी दलहा के लीना साहू, ज्योति श्रीवास, सरस्वती शिशु मंदिर नरियरा के प्रियंका विश्वकर्मा, दिव्य शक्ति मॉर्डन स्कूल नरियरा से हिमांशी धीवर, श्रेया पाटले एवं अन्य में यशवी दोषी को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने किया और आभार प्रदर्शन सचिव चिराग शर्मा ने किया। कार्यक्रम में श्रीमति रंजना सिंह,दीपक साहू, मोहन कश्यप, श्रीपाल सिंह बैस,सतीश मानिकपुरी, सौरभ सिंह व भाग लिए स्कूलों के बच्चे व शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं फाउंडेशन के पदाधिकारी।

## सत्य निज नाम बोध संस्थान ने किया पौधरोपण अभियान की शुरुआत

**नवागढ़।** सत्य निज नाम बोध संस्थान पोड़ीरांछा नवागढ़ के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण हेतु विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 30 जुलाई से प्रारंभ हुआ है और आगामी 15 सितंबर तक संचालित किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष एस.आर. तेली ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान के सदस्य हजारों की संख्या में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। यह अभियान सत्य निज नाम बोध संस्थान के 15 सितंबर के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है। संस्था ने पिछले वर्षों में भी हजारों पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का कार्य किया है और इस परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है।



## पुलिस ने निकाली विश्वास यात्रा, अवैध शराब जुआ व सट्टा को लेकर ग्रामीणों को किया जागरुक



**फगुरम।** चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सपिया में चौकी प्रभारी संतोष तिवारी एवं पुलिस स्टाफ टीकम सिंह साव अनिल रात्रे द्वारा विश्वास यात्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों से सीधी चर्चा करते हुए कहा कि समाज से अवैध शराब, जुआ, सट्टा जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए सभी को जागरूक रहना होगा। उन्होंने विशेष रूप से डीजे साउंड के अनियंत्रित प्रयोग को लेकर ग्रामीणों को समझाइश दी और कहा कि इसका उपयोग मर्यादित एवं कानूनन निर्धारित दायरे में ही होना चाहिए। चौकी प्रभारी ने ग्राम पंचायत से जुड़े अन्य गांवों की स्थिति और ग्रामीणों को शासन की संचालित योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी भी ली। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं की जानकारी लेकर समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सरपंच अमेरिका मनोज सिदर, उप सरपंच विशाल राठौर, बीडीसी मालिक राम यादव , तथा पंचगण सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चोरों ने बोला धावा, सोने-चांदी के जेवरात समेत 1 लाख पार

**जांजगीर चांपा।** ग्राम ग्राम कचंदा में चोरों ने सुने घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घर में लगे ताला तोड़कर संदूक में रखे सोने चांदी के जेवर सहित 1 लाख रुपए नगदी रकम पार कर दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामकुमारी 20 अगस्त को दशगात्र में शामिल होने परिवार के साथ रोगदा गई थी। घर में ताला लगा हुआ था। किसी काम से गांव के एक व्यक्ति उसके घर पहुंचा तो उसने देखा कि ताला टूटा हुआ है। उसके बाद बेटे सूरज कुमार के दोस्त ने फोन कर जानकारी दी,घर आकार देखने पर संदूक में रखा एक लाख नगदी रकम और सोने चांदी के जेवर नहीं है और पूरा सामान बिखरा पड़ा है। रात को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# विभिन्न मांगों को लेकर बसपा ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगाकोहरौद

पामगढ़ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक की अगुवाई में बसपा पदाधिकारियों ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने तत्काल इस पर पहल करने की मांग की है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 22 अगस्त को पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती इंदू बंजारे की अगुवाई में बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताटों ने बिजली, पानी, आवारा पशु, खाद , अवैध शाराब, जर्जर सड़क समस्याओं को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि पामगढ़ क्षेत्र में आए दिन बिजली कटौती हो रही है। खाद की किल्लत से किसान जूझ रहे है। जर्जर सड़क होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। क्षेत्र में जगह-जगह अवैध शराब बिक्री हो रही है। आवारा मवेशी सड़कों पर विचरण करे है। इससे हरपल हादसे का अंदेशा बना हुआ है। वहीं किसानों के खेतों में लगे फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व विधायक श्रीमती इंदू बंजारे के अलावा नगर पंचायत पामगढ़ की अध्यक्ष गौरी जांगड़े सहित दुकालू भारद्वाज एवं बसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे।



समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते बसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# सृजन महोत्सव के रूप में मनाया गया विश्व फोटोग्राफी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

फोटोग्राफर वीडियोग्राफर वेलफेयर सोसाइटी जिला जांजगीर-चांपा व सक्ती, द्वारा 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ सृजन महोत्सव के रूप में मनाया गया। कुछ वर्ष पूर्व संगठन द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि हर वर्ष विश्व फोटोग्राफी दिवस को फोटोग्राफर सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी समाज के विभिन्न वर्गों को सम्मानित करने का सराहनीय प्रयास किया गया।

**खास बात**

- विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को किया सम्मानित

इस वर्ष कार्यक्रम को तीन मुख्य भागों में विभाजित किया गया था। पहला मेधावी छात्र सम्मान किया जाएगा। इसी क्रम में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी खुशबु साहू, दानिश राजा, संजना चन्द्रा, योगिता चन्द्रा गौरव देवांगन,रितु वर्मा को सम्मानित किया गया। दूसरा जन सेवा रत्न पुरस्कार दिया जाएगा, जो समाजसेवा एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान दिया हो। इसके तहत यह पुरस्कार गौ सेवा के लिए पवन यादव एवं पत्रकार - उपेंद्र तिवारी, राजेश सिंह क्षत्रिय को सम्मान किया गया। तीसरा परिवार गौरव सम्मान दिया जाएगा। इसके तहत संगठन के फोटोग्राफर सदस्यों के परिवारजनों को उनके योगदान एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा विधानसभा के विधायक ब्यास कश्यप थे। उन्होंने फोटोग्राफी पेशे की ऐतिहासिक यात्रा, वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की संभावनाओं पर सकारात्मक दृष्टिकोण से अपने विचार व्यक्त किए तथा संगठन की एकता और प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर संगठन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही, कार्यक्रम में उपस्थित श्रम अधिकारी सुमन धीवर एवं श्री मंजीत ने फोटोग्राफर समुदाय के हित में लागू विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्हें भी संगठन की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र तिवारी जांजगीर और गौ सेवा - पवन यादव चांपा, काजल कशेर जांजगीर से, नरेंद्र मित्तल बलोदा से सभी का स्मृति चिन्ह देकर संगठन द्वारा सम्मानित करते हुए अभिनंदन किया गया। सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने संगठन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक आदर्श पहल बताया। एंकरिंग के लिए कोरबा से आए हुए संदीप शर्मा ने कार्यक्रम में मधुर संगीत एवं अपनी मीठी बोल से कार्यक्रम का उत्साह बढ़ाया। संगठन के अध्यक्ष संजय दुबे ने इस कार्यक्रम के संदेश में संगठन की ओर से यह बताया कि हम विश्व फोटोग्राफी दिवस के दिन मेघावी छात्र को सम्मान देकर एवं जन सेवा रत्न सम्मान देकर तथा परिवार गौरव सम्मान देकर संगठन ने अपना एक और नए दायित्व को संकल्प लेकर पूरा किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को संगठन की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 50 फोटोग्राफर बंधु अपने परिवारजनों सहित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।


सम्मानित करते मुख्य अतिथि विधायक ब्यास कश्यप एवं अन्य।

## ढाबा मालिक ने गुम हुए 1 लाख रुपए बैग सहित लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

ग्राम पंचायत सिलादेही के दादू ढाबा के मालिक भूपेंद्र साहू के द्वारा गुम हुए 1 लाख रुपए को सकुशल मालिक को बैग सहित वापस लौटाया गया है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 22 अगस्त को पुलिस थाना बिर्रा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिलादेही के दादू ढाबा में ध्रुव कुमार अग्रवाल पिता सुभाष अग्रवाल निवासी जैजैपुर द्वारा एक बेग मे रखे 1 लाख रुपए को ढाबा में भोजन के पश्चात भूल गया था। जिसको दादू ढाबा सिलादेही के मालिक भूपेंद्र साहू के द्वारा थाना लेकर आने पर ध्रुव कुमार अग्रवाल को सकुशल 1 लाख रूपए को लौटाया गया। दादू ढाबा के संचालक ने इंसानियत का परिचय देते हुए गांव व पूरे बिर्रा थाना क्षेत्र का मान बढ़ाया है। दादू ढाबा के संचालक भूपेंद्र कुमार साहू ने बिना लोभ के उन्होंने थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जयकुमार साहू को सबसे पहले मोबाइल फोन के माध्यम से अवगत कराया। उसके बाद थाना में जाकर रुपए को जमा कर दिया गया । इसके साथ ही थाना में रुपए जमा करने के बाद उक्त रुपए को पैसा मालिक ध्रुव कुमार अग्रवाल पिता सुभाष अग्रवाल निवासी जैजैपुर को एक लाख रुपये सकुशल लौटाया गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत सिलादेही के ग्रामीणों ने दादू ढाबा सिलादेही के संचालक भूपेंद्र कुमार साहू को छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के अंतर्गत गृह पुलिस विभाग से पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह दिलाने की मांग किए हैं।



**खबर संक्षेप**

## युवाओं ने डॉक्टर अंबेडकर उद्यान में किया पौधरोपण



**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत देवरी में 22 अगस्त शुक्रवार को पोला पर्व के अवसर पर डॉ. भीम राव आंबेडकर उद्यान में ' एक पेड़ मां ' अभियान के तहत गांव के युवाओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उद्यान में फलदार , शोभादार औषधि युक्त सैकड़ों पौधे लगाए गए। युवाओं ने बताया कि पेड़ लगाने से ग्राम में हरियाली बढ़ेगी और वातावरण शुद्ध रहेगा । पौधरोपण कर इसे परंपरा बनाएंगे ताकि भविष्य की पीढ़ियों को शुद्ध हवा व वातावरण मिलें। इस अवसर पर डा. रवि प्रधान, राजेश प्रधान , राजा टंडन, महेंद्र प्रधान, नीतीश किरण, अनूप विजय सहित ग्राम के युवा उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी सक्ती के जिला उपाध्यक्ष बनाए गए रंजीत

**मालखरौदा।** क्षेत्र के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता रंजीत अजगल्ले को सक्ती भाजपा जिला अध्यक्ष



टिकेश्वर गबेल के अनुमोदन पश्चात भारतीय जनता पार्टी सक्ती के जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनके जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जगदीश चंद्रा मंडल अध्यक्ष, राजेश चंद्रा महामंत्री, मुंशी रात्रे युवा मोर्चा अध्यक्ष, मनोहर अजगले ,महादेव रात्रे, नीलांबर सिंह, भारती सोनवाने, अयोध्या धृतलहरे, रामेश्वर खुटे, कार्तिक कर्ष ने हर्ष व्यक्त किया है।

## पालिका अध्यक्ष ने मार्ग बंद किए जाने के आदेश के विरोध में डीआरएम को लिखा पत्र

**चांपा।** रेलवे द्वारा वार्ड क्रमांक 23 शिव नगर के मार्ग को बंद किए जाने के आदेश के विरोध में नगर पालिका अध्यक्ष ने केंद्रीय राज्य मंत्री व डीआरएम को पत्र लिखाचांपा। नगर पालिका परिषद चांपा के अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने वार्ड क्रमांक 23 शिव नगर के आम रास्ते को रेलवे विभाग द्वारा बंद किए जाने के विरोध में कदम उठाया है। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि उक्त मार्ग को बंद न किया जाए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि शिव नगर क्षेत्र के नागरिकों के लिए यह एकमात्र आम रास्ता है, जिसका उपयोग लोग वर्षों से कर रहे हैं। इसी रास्ते से स्कूल बस, एंबुलेंस, गैस सिलेंडर वाहन, दूध वाहन सहित अन्य आवश्यक सेवाएं नियमित रूप से संचालित होती हैं। यदि इस मार्ग को बंद कर दिया गया तो आम नागरिकों को भारी असुविधा होगी। श्री नामदेव ने पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है कि नागरिकों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे विभाग रास्ते को बंद न करे और लोगों को पूर्ववत इस मार्ग का उपयोग करने की अनुमति प्रदान करे।

## शासकीय नवीन महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने थाना प्रभारी से की मुलाकात



**देवरी-सारागांव।** नगर के शासकीय नवीन महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एनएसयूआई जिला सचिव अमन पांडेय के नेतृत्व में सारागांव थाना के नवीन थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष चौबे से भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर छात्रों ने नगर में कड़ी पुलिसिंग व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। मुलाकात के दौरान महाविद्यालय प्रभारी निलेश राठौर, छात्र ज्ञानेंद्र गुप्ता, सागर, यश, कान्हा, अरुण, शेखर, अविनाश, विशु सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने थाना प्रभारी से नगर की शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सहयोग की अपेक्षा जताई और सामंजस्यपूर्ण माहौल में संवाद करने का आश्वासन दिया।

### फसल खराब होने की किसानों को सता रही थी चिंता

# अंचल में हुई झमाझम बारिश से खेतों को मिली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अंचल में हुई झमाझम बारिश के चलते खेतों को राहत की संजीवनी मिल गई है। वहीं किसानो ने राहत भरी सांस ली है। इधर बारिश के चलते जिला मुख्यालय जांजगीर के कई जगहों पर बरसाती पानी का जमाव हो गया।

गौरतलब है कि शुक्रवार 22 अगस्त को जिला मुख्यालय जांजगीर सहीत अंचल में झमाझम बारिश हुई, जिसके कारण खेतो को संजीवनी मिल गई। वही किसानों ने भी राहत की सांस ली। बांगो बांध के माध्यम से नहरो में पानी तो छोड़ दिया गया है, लेकिन खेतों के अंतिम छोर तक पानी नही पहुंच पा रहा था। ऐसे में शुक्रवार को हुई बारिश ना केवल जांजगीर शहर बलिकि अंचल में भी हुई है, जिसके चलते किसानों को काफी राहत मिली वही खेती किसानी के कामों में तेजी आएगी। बांध के माध्यम से पानी तो छोड़ दिया गया है, लेकिन नवागढ, पामगढ़, अकलतरा, बलौदा एवं बम्हनीडीह क्षेत्र के कई जगहो पर किसानो को समुचित पानी की सुविधा नही मिल पा रही थी। ऐसे में क्षेत्र में हुई बारिश के चलते किसानो ने राहत की सांस ली है। इधर झमाझम हुई बारिश के चलते जिला मुख्यालय जांजगीर के शांती नगर, पुराना चंदनिया पारा, शिवमंदिर गली, लिंकरोड, इंदिरा नगर, बाजारपारा,



बारिश के बाद खेतों में भरा पानी।

नैला मुख्य मार्ग सहीत अन्य जगहो पर बरसाती पानी का जमावडा शुरू हो गया, जिसके चलते आने जाने वाले लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ी। बरसात के मौसम में पानी गिरने के दौरान कई बारी लोगो के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़को पर आ जाता है। इस बीच जो लोग मार्ग से होकर आवाजाही करते है। इन्हें परेशानी उठानी पडती है। साथ ही साथ बरसात का पानी इकठठा होने के कारण संक्रमण फैलने का भी खतरा बना रहता है। इधर झमाझम हुई बारिश के चलते जहां लोगो के साथ किसानो को काफी राहत मिली वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था घंटो प्रभावित हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहो पर शुक्रवार को दोपहर बारिश के दौरान गुल हुई बिजली सेवा देर रात तक बहाल हो सकी।



## लगातार बिजली कटौती से दर्जनभर गांव के उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

बम्हनीडीह ब्लॉक के दारंग बिजली सब स्टेशन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हारीकला, कड़ारी, बघौदा, कुम्हारीखुर्द, हनुमंता, पेटफोरवा, लछनपुर सहित दर्जनों गांवों में लगातार बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजाना घंटों बिजली बंद रहने से लोगों को भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार पूरी रात और कभी पूरे दिन बिजली गुल रहती है, वहीं अचानक किसी भी समय बिजली कट जाने की स्थिति आम हो गई है। वहीं कुम्हारीखुर्द के ग्रामीणों ने बताया कि तीन चार दिनों से लगातार रात में बिजली बंद था सुबह आ भी जाता था तो लो वोल्टेज , कभी कभी दिन में एक टाइम सुबह बिजली बंद रहता और शाम को आता है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली बंद रहने से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। मोबाइल चार्ज नहीं हो पाने से लोग संचार से वंचित हो जाते हैं। वहीं घरों में पानी की किल्लत भी बढ़ रही है क्योंकि बिजली न होने से मोटर पंप नहीं चल पा रहे। दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है, जिससे उनकी आय पर असर पड़ रहा है। इसके साथ ही बारिश के मौसम में सांप बिच्छू का डर भी बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। उन्होंने शासन-प्रशासन एवं बिजली विभाग से मांग की है कि बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

- कई बार पूरी रात और कभी पूरे दिनगुल रहती है बिजली

## स्वतंत्रता आंदोलन के लिए प्रेरित करने वाले सुभाष चंद्र बोस को छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने किया याद



**बिर्रा।** तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का जयघोष कर लाखों युवाओं के दिलों को स्वतंत्रता आंदोलन के लिए प्रेरित करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया संकुल सेमरिया में छात्र-छात्राओं व शिक्षको ने सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे के मार्गदर्शन में शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप ने बच्चों को बताया कि सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज कर का गठन किया था उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा। सुभाष चंद्र बोस भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक में हुआ। वे नेताजी के नाम से भी जाने जाते थे उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया था। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी। 1943 में उन्होंने आजाद हिंद की स्थापना की 18 अगस्त 1945 को उनकी मृत्यु हो गई लेकिन उनकी देशभक्ति और साहस आज भी याद की जाती है।

## श्रमिकों को दी गई उनके अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

स्टील मेटल एण्ड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (स्मेफी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एच एस मिश्रा के द्वारा नगर के इंदिरा उद्यान में श्रमिकों की बैठक आयोजित कर श्रमिकों के अधिकारों की जानकारी प्रदान की और संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए श्रमिकों को एकजुट रहने के लिए प्रेरित किया।

- हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय श्रमिक नेता एच एस मिश्रा ने श्रमिकों की समस्याएं सुनी

उन्होंने कहा कि एचएमएस यूनियन के गठन होने से पहले श्रमिकों का हाल बद से बदतर था, आज श्रमिकों को नियमित नौकरी बीमा यूनिफार्म स्कूल जैसे अन्य अनेकों सुविधाएं मिलना निरंतर संघर्ष और एकजुटता का प्रमाण है। संघर्ष को जारी रखने के लिए और संगठन को मजबूत रखने के लिए समर्पण का भाव अत्यंत आवश्यक है, उनके द्वारा श्रमिकों को इंडस्ट्री ऑल ग्लोबल यूनियन जिनेवा वैश्विक संगठन की ओर से भेजी गई बुकलेट पांपलेट और पुस्तके श्रमिकों को वितरण किया गया, ताकि श्रमिकों को अपने अधिकारों की जानकारी हो। उन्होंने भूविस्थापितों को ठेका कर्मचारी से नियमित कर्मचारी बनाने के लिए किए गए संघर्ष और वेतन सुविधाओं के लिए निरंतर संघर्ष को आगे भी जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश एवं राष्ट्रीय संगठन हर संघर्ष में आपके साथ है आप श्रमिकों के हक अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत रहे। कार्यक्रम में एचएमएस यूनियन के अध्यक्ष विश्वनाथ साहू कार्यवाहक अध्यक्ष शेरसिंह राय महामंत्री बलराम गोस्वामी उपमहामंत्री दाऊ लाल लहरें, उपाध्यक्ष अविनाश महिपाल रवि नोरगे संगठन सचिव मूलचंद नोरगे कोषाध्यक्ष लोभन साहू, सचिव मुकेश दुबे, सतीश बर्मन महेश साहू, गजेन्द्र पुरी, रामकृष्ण धीवर, दुर्गेश यादव, हेमचंद पाटले, प्रभा कश्यप संतोषी कर्ष सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



श्रमिक नेता के साथ उपस्थित पदाधिकारी।

## पंचायत सचिव संघ गठन को लेकर हुई बैठक

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत मालखरौदा के सभा कक्ष में 20 अगस्त को पंचायत सचिव संघ का गठन करने के लिए बैठक आयोजित किया गया। जहां सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत बोड़ासागर के सचिव राजेश कुमार गबेल को अध्यक्ष तथा गेंदलाल साहू को सचिव चुना गया। निर्वाचन उपरांत नवनियुक्त अध्यक्ष गबेल ने कहा कि जनपद के 81 ग्राम पंचायतों के सचिव सदस्य इस संघ के अंतर्गत जुड़े हैं। सभी सचिवों के बीच आपसी तालमेल बनाते हुए तथा सरपंचों के साथ मिलकर ग्राम पंचायतों में आम जनता के हितों को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने का भरसक प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सचिव संघ अध्यक्ष बेदराम साहू, भवानी लाल भारद्वाज, महेंद्र सिंह चंद्रा, शत्रुघन साहू, कृष्ण चंद्रा सुरेश पटेल परमेश्वर पटेल कोशराम दिनकर सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित रहे।



## बिना स्किल और जिज्ञासा के उद्योग के क्षेत्र में नहीं बढ़ सकते आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

ब्लॉक मुख्यालय में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नई राह नई हुनर के तहत नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम इस

- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नई राह नई हुनर के तहत कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि त्रिलोकचंद जायसवाल का टीका लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद राज्य गीत अरपा पैरी के धार के साथ कार्यक्रम का शुरुआत हुआ जहां मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं से कहा कि बिना स्कील और जिज्ञासा के उद्योग के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ा जा सकता ऐसे में प्रशिक्षक जो भी सिखाते हैं उसको बारीकी से सीखना जरूरी है ताकि हुनर में नीखार आये। उनका कहना था अगर आपके पास डिग्री डिप्लोमा नहीं है लेकिन स्किल और जिज्ञासा है तो बड़ा उद्योग धंधा स्थापित किया जा सकता है। साथ ही किसी भी क्षेत्र में ऊंचे मुकाम हासिल किया जा सकता है। इसके अलावा पेट्रोल पंप संचालक विवेक गबेल ने बताया उन्होंने भी आईटीआई से इलेक्ट्रीशियन किया है। साथ ही कोरबा गुजरात रायगढ़ में काम किया है। लगातार अनेक जगह काम करने से हुनर में वृद्धि होता है लेकिन वे भी कुछ अलग करने की चाह में अपना खुद का पेट्रोल पंप स्थापित कर लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं। इस अवसर पर कई प्रशिक्षु छात्र छात्राओं सवाल किया जिसका उन्होंने जवाब दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण अधिकारी जैनेन्द्र जायसवाल ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती राखी मिश्रा, श्रीमती रत्ना कश्यप, चंद्रभूषण गहरे, संजीव गवेल, पत्रकार राम अवतार साहू एवं आई टी आई के समस्त स्टाफ प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।



उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी देते मुख्य अतिथि।

## कलेक्टर ने अधिकारियों के कार्य विभाजन में किया संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार कश्यप द्वारा जिले में कार्यभार ग्रहण करने के फलस्वरूप राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नीचे दर्शित शाखाओं का दायित्व आगामी आदेश पर्यंत डिप्टी कलेक्टर विनय कश्यप को सौंपा गया है।

कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा जारी आदेश के अनुसार डिप्टी कलेक्टर श्री कश्यप प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख शाखा (आहरण एवं संवितरण अधिकारी सहित),भू-अभिलेख शाखा के अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख स्तर के अधिकारी, कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि, यात्रा भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयकों के स्वीकृति, निराकरण, भू-अभिलेख शाखा के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भविष्य निधि आंशिक अंतिम विकर्षण एवं अस्थायी अग्रिम की स्वीकृति एवं समूह बीमा का अंतिम निराकरण, भू-अभिलेख शाखा के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश स्वीकृति की नस्ती कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत करेगे। इसके साथ ही उन्हे परिवर्तित भूमि के विरूद्ध वार्षिक भू-भाटक की वसूली, रीडर टू कलेक्टर, सूचना का अधिकार शाखा एवं कलेक्टोरेट कार्यालय के लिए जन सूचना अधिकारी, समय सीमा और जनदर्शन में दर्ज पत्रों की समीक्षा बैठक की तैयारी, वरिष्ठ लिपिक शाखा और अतिरिक्त वरिष्ठ लिपिक, शिकायत एवं सतर्कता शाखा और पी.जी.एन. पोर्टल में दर्ज पत्रों पर कार्यवाही, मुख्यमंत्री जन चौपाल से प्राप्त पत्रों पर कार्यवाही, वीडियो कान्फ्रेंस, राहत एवं बाढ़ नियंत्रण अधिकारी, आर.बी.सी. 6-4, न्यायिक शाखा और सांख्य लिपिक, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, ग्राम तथा नगर निवेश, भारत नेट और चिप्स शाखा, लोक सेवा गारंटी और सिटीजन चार्टर, लोक सेवा केन्द्र च्वाईस परियोजना सहित डिप्टी कलेक्टर श्री कश्यप नोडल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के दायित्व के निर्वहन करने की जिम्मेदारी भी दी गई है।

### तीसरे दिन ब्यास आचार्य ने सुनाई अजामिल, भरतोपाख्यान और भक्त प्रहलाद की कथा

## मोह से मुक्ति के बाद ही होता है आत्मा का परमात्मा से मिलन : उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर-17 में शर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार 22 अगस्त को ब्यास आचार्य रामविलास उपाध्याय ने अजामिल चरित्र, भरतोपाख्यान और भक्तप्रहलाद की कथा सुनाई।

आचार्य ने बताया कि जो दिखाई पड़ता है वह सत्य नहीं होता है जो दिखाई नहीं पड़ता वहीं परम तत्व है। सत्कर्म करने के बाद उसे सभी को बताने पर पुण्य का क्षरणहोता है। अंतिम समय में हमें बुरे कर्म ही याद आते है, जिस कर्म को आप किसी को बता नहीं सकते उसे अपने ईष्टदेव परमात्मा को अर्पित कर देना चाहिये। अजामिल ने जीवन के अंतिम क्षणोंमें नारायण नाम का स्मरण कर मोक्ष प्राप्त किया। वहीं भरत महाराज की कथा के माध्यम से यहसंदेश दिया गया कि मोह बंधन से मुक्त होकर ही आत्मा परमात्मा से मिल सकती है। जीव एक रूप होता है परमात्मा का स्वरूप होता है। इसके साथ ही भक्त प्रहलाद की कथा ने श्रद्धालुओं को भक्तिकी अडिग शक्ति का बोध कराया। कथा में आचार्य ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों और पिताके विरोध के बावजूद प्रहलाद ने विष्णु भक्ति को नहीं छोड़ा और अंततः भगवान ने उनकी रक्षा की। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**आज राम कृष्ण जन्म की कथा**-शनिवार की कथा प्रसंग में श्रीराम जन्म और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन व्यासपीठसे किया जाएगा ।




उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा सुनाते पंडित रामविलास उपाध्याय।




